लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2820
10 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन

2820. श्री दिलेश वर कामैत:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दिसम्बर, 2025 तक राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के अंतर्गत सरकार द्वारा संवितरित की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;
(ख) दिसम्बर, 2025 की स्थिति के अनुसार विशेष रेशे और अनुप्रयोगों में अनुमोदित अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ग) उपरोक्त अनुमोदित परियोजनाओं के लिए आवंटित की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या इस मिशन के अंतर्गत स्टार्ट-अप को मंजूरी दी गई है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्री गिरिराज सिंह)

(क): देश में तकनीकी वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2020 में 1,480 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय से राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) शुरू किया गया था। मिशन के तहत दिसंबर 2025 तक 517.96 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

(ख) और (ग): एनटीटीएम के तहत दिसंबर 2025 तक कुल 168 अनुसंधान परियोजनाओं को मंजूरी प्रदाना की गई है, जिनमें से 150.80 करोड़ रुपये की लागत वाली 33 परियोजनाओं को विशेष फाइबर और उनके अनुप्रयोगों के क्षेत्र में मंजूरी प्रदान की गई है।

(घ) और (ङ): एनटीटीएम के तहत, "तकनीकी वस्त्र में महत्वाकांक्षी इनोवेटर्स के लिए अनुसंधान और उद्यमिता के लिए अनुदान (ग्रेट)" नाम से एक समर्पित इंटरवेंशन क्रियान्वित की गई है, जिसका उद्देश्य देश में तकनीकी वस्त्र के स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को सहयोग करना है। इसके तहत तकनीकी वस्त्र के क्षेत्र में स्टार्ट-अप वेंचर्स को युवा इनोवेटर्स, वैज्ञानिकों/टेक्नोलॉजिस्ट के विचारों को कमर्शियल टेक्नोलॉजी/प्रोडक्ट्स में बदलने में उनकी मदद की जाती है। ग्रेट गाइडलाइंस के तहत, हर अनुमोदित स्टार्ट-अप को अधिकतम 50 लाख रुपये की मदद दी जाती है। एनटीटीएम के तहत कुल 31 स्टार्ट-अप को 15.40 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई है।

***